जीव विज्ञान

नीरज कुमार



1. विज्ञान की किस शाखा के अन्तर्गत सजीवों एंव उनके सम्बन्धित सभी पक्षों का अध्ययन किया जाता है?
2. विज्ञान की किस शाखा के अन्तर्गत जीव जन्तुओं का अध्ययंन किया जाता है?
3. विज्ञान की किस शाखा के अन्तर्गत पेड़-पौधों का अध्ययन किया जाता है?
4. चिकित्साशास्त्र का जनक किसे कहा जाता है?
5. जन्तु विज्ञान का पिता किसे कहा जाता है?
6. अंत:स्रावी ग्रथियों तथा उनसे स्रावित हॉर्मोनों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में करते हैं?
7. अंतरिक्ष में स्थित जीवन के प्रकारों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में करते हैं?
8. दांतों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में करते हैं?
9. चपटे कृमियों का अध्ययन विज्ञान किस शाखा में करते हैं?
10. जब कभी कोई वैज्ञानिक खोज अकस्मात् हो जाती है तब इसे क्या कहते है?
11. एन्टीबायोटिक की खोज किसने और कब की थी ?
12. मानव जनसंख्या वृद्वि के अध्ययन को क्या कहते हैं?
13. किस डच वैज्ञानिक ने माइक्रोस्कोप का निर्माण किया तथा कोशिका की रचना का अध्ययन किया?
14. कोशिका की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
15. 'सिस्टेमा नेचुरी' नाम पुस्तक किसने लिखी थी जिसमें द्विनाम पद्धति द्वारा जन्तुओं तथा पौधों के वर्गीकरण का वर्णन किया गया था। इन्हें वर्गिकी का जनक भी कहते हैं?
16. किस वैज्ञानिक ने प्राकृतिक चयन द्वारा जातियों के उदभव का सिद्धान्त दिया तथा 'दी ओरिजिन आफ स्पीशीज' नामक पुस्तक लिखी?
17. आनुवंशिकी का पिता किसे कहा जाता है?
18. सर्वप्रथम जीनवाद किसने प्रस्तुत किया था?
19. कंकाल-सन्धियों तथा स्नायुओं का अध्ययन विज्ञान की शाखा में किया जाता है?
20. विज्ञान की किस शाखा में जीवों के शरीर के रासायनिक संगठन का जैवक्रियाओं के रासायनिक आधार का अध्ययन किया जाता है?
21. विज्ञान की किस शाखा में जीवों की मनोवृत्ति तथा व्यवहार का अध्ययन किया जाता है?
22. जीवविज्ञान की किस शाखा में मनुष्य के लिए कृत्रिम अगों का अध्ययन किया जाता है?
23. जीवों में स्वयं को वातावरण के अनुरूप करने की क्षमता को क्या कहतें हैं?
24. सूर्य की ऊर्जा खाद्य पदार्थों में किस रूप में बंधित रहती है?
25. सभी प्रकार के पदार्थ विशेष प्रकार की रचनात्मक इकाइयों के बने होते हैं इन्हें क्या कहते हैं?
26. ऊर्जा का प्रमुख एवं तुरन्त स्रोत क्या है?
27. पौधों द्वारा सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला रसायन कौनसा है?
28. जल में ऑक्सीजन तथा हाइड्रोजन परमाणु के बीच कौनसा कोण होता है?
29. मनुष्य में गुणसूत्रों का आकार क्या होता है?
30. डी.एन.ए की मात्रा को किसमें मापते है?
31. क्रोमोसोम शब्द किसने प्रस्तुत किया?
32. जीनोम क्या होता है?
33. सर्वाधिक गुणसूत्र किसमें पाए जाते हैं?
34. आनुवंशिक अणु किसे कहते हैं?
35. वह पदार्थ जो आनुवंशिक लक्षणों की सूचनाओं को सांकेतिक रूप में संचित रखता है और दूसरी पीढ़ी के जीवों में पहुंचाता है तथा संतति जीवों में उन लक्षणों को विकसित करता है, क्या कहलाता है?
36. किस वैज्ञानिक ने डी.एन.ए. का सर्वप्रथम *इन विट्रो* संश्लेषण किया था?
37. डी.एन.ए. एल्फा हेलिक्स स्ट्रक्चर का व्यास कितना होता है?
38. जीवों में सभी जैविक क्रियाएं किसके द्वारा उत्प्रेरित तथा नियंत्रित होती हैं?
39. जीवविज्ञान में सूचनाओं का टेप किसे कहते हैं?
40. आनुवंशिक पदार्थ की रासायनिक संरचना में होने वाले सभी परिवर्तन क्या कहलाते हैं?
41. जेनेटिक कोड क्या निर्धारण करता है?
42. जीन शब्द किसने दिया था?
43. सजीवों का सबसे प्रमुख लक्षण है, जनन द्वारा पीढ़ी-दर-पीढ़ी अपने ही समान सन्तान उत्पन्न कर जाति के अस्तित्व को बनाऐ रखना क्या कहलाता है?
44. कोशिका विभाजन कितने प्रकार का होता है?
45. वह विधि जिससे गुणसूत्रों की संख्या पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्थिर रहती है, क्या कहलाती है?
46. यदि एक हीमोफिलिक पुरुष का एक सामान्य स्त्री से विवाह हो जाय तो सन्तान कैसी होगी?
47. मनुष्य में संतान का लिंग निर्धारण कैसे होता है?

48. बार पिंड कहां पाया जाता है?
49. मानव आनुवंशिकी की नींव 1883 में किसने डाली थी?
50. सन् 1902 में किसने बताया था कि सभी मनुष्यों में रुधिर समान नहीं होता?
51. मनुष्य में रुधिर वर्ग की वंशागति का वर्णन किसने किया?
52. किस तकनीक द्वारा गर्भ में पाए जाने वाले जेनेटिक विकारों का पता लगाया जाता है?
53. सरलतम अमीबा से लेकर विशालकाय ह्वेल तथा जटिलतम मानव सहित जन्तुओं की लगभग कितनी ज्ञात जातियां है?
54. मानव में पाये जाने वाले अवशेषी अंग कौनसे हैं?
55. लाखों-कराड़ों वर्ष पूर्व के जन्तुओं एवं पेड़-पौधों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में करते हैं?
56. मृत जीवों के चट्टानों में बदल जाने की क्रिया को क्या कहते हैं?
57. युग्लीना किस संघ का प्राणी है?
58. सर्वप्रथम जीन बैप्टिस्ट डी लैमार्क नामक फ्रांस के प्रसिद्ध जीव वैज्ञानिक ने सन् 1809 में अपनी पुस्तक 'फिलॉसफी जुलोजीक' में कौनसा वाद प्रस्तुत किया था?
59. सन् 1858 में इग्लैंड की शोध पत्रिका *Proceedings of the Linnean Society* में डार्विन ने अपनी किस परिकल्पना को छपने के लिए भेजा था?
60. उत्परिवर्तन या म्यूटेशनवाद 1901 में किस वैज्ञानिक ने प्रस्तुत किया?
61. समान लक्षण वाले जीव समूह, जिनके सदस्यों में अन्तःप्रजनन सम्भव है, क्या कहलाते हैं?
62. कौनसी कोशिकाएं अमर होती हैं?
63. किसने सर्वप्रथम सूक्ष्म जीवों को स्वयं सूक्ष्मदर्शी बनाकर देखा था?
64. सूक्ष्मजैविकी का पिता किसे कहा जाता हैं ?
65. वायरस की खोज किस रूसी वैज्ञानिक ने 1892 में तम्बाकू की पत्तियों में चितेरी रोग (Tobacco Mosaic Virus) की खोज के समय की थी?
66. वायरस का माप क्या है?
67. किसने खोज की थी कि वायरस न्यूक्लीओप्रोटीन के बने होते हैं?
68. एड्स के वायरस की खोज किसने की थी?
69. एच.आई.वी के संक्रमण के लिए मानव शरीर में लक्ष्य कोशिकाएं कौनसी होती हैं?
70. आद्य युग में प्रथ्वी पर विद्यमान परिस्थितियों को कृत्रिम रूप से प्रयोगशाला में किसने उत्पन्न किया, जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरुस्कार मिला?
71. डी.एन.ए. किसका पॉलीमर होता है?
72. वायरसों के प्रोटीन खोल को क्या कहते हैं?
73. मानवों के विकास के प्रथम चरण मीयोसीन युग में जब उष्णकटिबन्धीय जंगलों के स्थान पर घास के मैदानों का विकास हुआ था, अतः उस समय कपियों को वृक्षाश्रायी जीवन त्याग कर स्थलीय जीवन अपनाया पड़ा था, क्या यह कथन सत्य है?
74. मानव की कितनी प्रजातियां हैं?
75. मानव का वैज्ञानिक नाम क्या है?
76. चट्टानों पर रंगीन चित्रकारी सर्वप्रथम किसने की थी?
77. सर्वप्रथम दो पादों पर चलने वाला मानव पूर्वज कौनसा था?
78. किसी जीव की खोज के बाद जीव वर्गीकरण में उसका स्थान निधार्रित करके उसे एक निश्चित नाम देना क्या कहलाता है?
79. स्वीडन के वैज्ञानिक लिनियस द्वारा प्रस्तुत जीवों के वैज्ञानिक रूप से नामकरण को क्या कहते हैं?
80. स्पीशीज शब्द का प्रयोग किसने किया था?
81. वर्गीकरण विज्ञान का जनक किसे कहा जाता है?
82. जन्तु-जगत का सबसे बड़ा संघ कौनसा है?
83. गर्म स्थानों पर रहने वाले जीवों की तुलना में, ठंडे प्रदेश में रहने वाले जन्तुओं की त्वचा मोटी होती है, यह किसका सिद्धान्त है?
84. नहाने वाला स्पंज किसे कहते है?
85. कौनसी मछली मच्छरों के जैव-नियन्त्रण में प्रयुक्त होती है?
86. अमीबा की खोज किसने की थी?
87. किसने सर्वप्रथम चपटे कृमियों के लिए प्लैटीहेल्मिन्थीस शब्द का प्रयोग किया था?
88. लचीला ऊतक किसे कहते है?
89. मानव शरीर में सबसे लम्बी कोशिका कौन होती है?
90. मनुष्य के रुधिर का पीएच मान कितना होता है?
91. चेचक के टीके से शरीर में क्या प्रविष्ट कराते हैं?
92. वे जीव जो केवल रुधिर चूसते हैं, क्या कहलाते हैं?
93. वे जीव जो अपनी ही जाति के जीवों को खाते हैं क्या कहलाते हैं?
94. जीवों के शरीर में जल की मात्रा कितनी होती है?
95. न्यूक्लिक अम्ल की खोज किसने और कब की थी?
96. जुगाली करने वाले जन्तुओं के आमाशय के कितने भाग होते हैं?
97. शरीर में रुधिर की मात्रा कुल शरीर भार की कितनी प्रतिशत होती है?
98. अपनी जाति तथा वंश की निरन्तरता को बनाये रखने के लिए प्रत्येक जीव अपने ही समान जीवों को पैदा करता है, जीवों में होने वाली इस क्रिया को क्या कहते हैं?
99. जीवों जनन कितने प्रकार से होते हैं?
100. मनुष्य में होने वाले रोगों को कितनी श्रेणियों में रखा गया है?
101. रोगों का रोगाणु सिद्धान्त किसने प्रस्तुत किया था?

उत्तर : **विज्ञान क्विज़ : जीव विज्ञान**

•1. जीवविज्ञान; •2. जुलोजी; •3 बाटनी; •4 हिप्पोक्रेटस; •5 अरस्तू; •6. एंडोक्राइनोलॉजी; •7. एक्सोबायोलॉजी; •8.ओडोन्टोलॉजी; •9. हेल्मिन्थोलॉजी; •10. सेरेन्डिपिटी; •11. एलैक्जैन्डर लैमिंग 1928; •12. डीमोग्राफी; •13. एन्टॉन ल्युवेनहाक (1632-1723); •14.राबर्ट हुक (1625-1703); •15. कैरोलस लीनियस(1707-1778); •16. चार्ल्स डार्विन (1809-1882); •17. ग्रेगर जान मेंडल (1822-1884) •18. मारगन (1910); •19. सिन्डेस्मोलॉजी; •20. बायोकेमिस्ट्री; •21. साइकोबायोलॉजी; •22. बायोमेडिकल इन्जीनियरिंग; •23. एडॉप्टेशन; •24. रासायनिक ऊर्जा; •25. तत्व; •26. ग्लूकोस; •27. कार्बन डाइऑक्साइड; •28. 104.5°; •29. 3-5μ; •30. पिकोग्राम; •31. वाल्डेयर; •32. एक जाति के गुणसूत्रों की अणुणित संख्या; •33. अमीबा; •34. डी.एन.ए.; •35. हेरिडिटी मैटेरियल; •36. कोर्नबर्ग; •37. 2nm; •38. एंजाइमों; •39. डी.एन.ए.; •40. जीन उत्परिवर्तन; • 41.प्रोटीन में अमीनों अम्लों का प्रतिरूप; •42. जोहानसन; •43. जीवन की निरंतरता; •44. 2 (सूत्री तथा अर्धसूत्री); •45. मिओसिस; •46. सभी सामान्य; •47. पिता के लिंग गुणसूत्र से; •48. स्त्री की दैहिक कोशिका में; •49. गाल्टन; •50. कार्ल लैण्ड स्टीनर; •51. बर्नस्टीन; •52. ऐम्नियोसेन्टेसिस; •53. 12.5 लाख; •54. कृत्रिम परिशेषिका, निमेशक पटल, पूंछ, कर्णपल्लव की पेशियां, अक्ल दाढ़ तथा त्वचा पर बाल; •55. जीवाश्म विज्ञान; •56. पेट्रीफेक्शन; •57. प्रोटोजोआ; •58. उपार्जित लक्षणों की वंशागति का सिद्धान्त; •59. प्राकृतिक चयन द्वारा जातियों की उत्पत्ति; • 60. ह्यूगो डीवेरीज़; •61. जाति; •62. जनन कोशिकाएं; •63. एन्टॉनी वॉन ल्यूवेनहॉक 1676-1677; •64. एन्टॉनी वॉन ल्यूवेनहॉक; •65. आइवानोवास्की; •66. 15-210 मिलीमाइक्रोन; •67. डारलिंग्टन 1944; •68. ल्यूक मान्टेग्नियर 1983; •69. टी-4 लिम्फोसाइट्स •70. स्टेनले मिलर; •71. न्यूक्लिओटाइड; •72. कैप्सिड; •73. हां; •74. 6; •75. *होमो सेपिएन्स सेपिएन्स*; •76. क्रोमैग्नन मानव; •77. ऑस्ट्रेलोपिथिकस; •78. नामकरण; •79. द्विनाम पद्धति; •80. जान रे; •81. कैरोलस लीनियस; •82. ऑर्थ्रोपोडा; •83. गोलजर रूल; •84. *यूस्पॉन्जिया आफिसिनेलिस*; •85. Gambusia; •86. रसेल वान रोसेन हॉफ; •87. गेगेनबॉर 1859; •88. कार्टिलेज; •89. तन्त्रिका कोशिका; •90. 7.4; •91. सम्बन्धित निष्क्रिय रोगाणु; •92. Sanquivorous; •93. Cannibals; •94. 50-85:; •95. फ्रेडरिक मिशर 1869; •96. चार; •97. 7-8:; •98. जनन; •99. दो (लैंगिक तथा अलैंगिक); •100. दो (जन्मजात तथा उपार्जित रोग); •101. लुई पाश्चर

संपर्क सूत्र :
डा. नीरज कुमार, सहायक प्रोफेसर, मौसम विज्ञान विभाग, एन. एम. कृषि महाविद्यालय, नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, नवसारी-396 450 (गुजरात)
[ई-मेल : neeraj34012@gmail.com]